पधारो श्री गणेश

कीर्तन की तैयारी पधारो श्री गणेश,
उमापति ना जाया भजनों का दो आदेश,
कीर्तन की तैयारी पधारो श्री गणेश,
उमापति ना जाया भजनों का दो आदेश॥

माता गौरी के आंख के तारे,
शिव शम्भू के बप्पा राजदुलारे,
करता हु मैं विनती मेरे काटो सकल क्लेश,
उमापति ना जाया भजनों का दो आदेश,
कीर्तन की तैयारी....

दिन भर काम मे तन को लगाया,
अब जाके मन मे मेरे भाव ये आया,
गुण जो दिए है तुमने, उसका में करू निवेश,
उमापति ना जाया भजनों का दो आदेश,
कीर्तन की तैयारी....

मूसे पे सवार होकर आओ गणराजा,
देखो द्वारे पे तेरे बाजे ढोल बाजा,
मनीष पे बरसे कृपा, मेरे कण्ठे करो प्रवेश,
उमापति ना जाया भजनों का दो आदेश,
कीर्तन की तैयारी पधारो श्री गणेश,
उमापति ना जाया भजनों का दो आदेश.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23709/title/padharo-shree-ganesh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |